मनमानी | मझौली सुमन एचपी गैस एजेंसी पर उठे सवाल

# खुद सिलेंडर लेने पर छूट का नियम, फिर भी उपभोक्ताओं से पूरी वसूली





**मझौली, नवभारत।** घरेलू गैस वितरण व्यवस्था में इन दिनों एक बड़ा विरोधाभास और उपभोक्ताओं के शोषण का मामला सामने आ रहा है। नियमों के मुताबिक यदि कोई उपभोक्ता स्वयं गैस गोदाम जाकर सिलेंडर प्राप्त करता है, तो उसे 'डिलीवरी चार्ज' की छूट मिलनी चाहिए। लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। जबलपुर और मैहर क्षेत्र की गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं से पूरा पैसा वसूल रही हैं, जिससे आम जनता में भारी आक्रोश है।

नियमों के अनुसार एक 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर की कुल कीमत में लगभग 33.43 डिलीवरी शुल्क शामिल होता है। यह शुल्क केवल उन उपभोक्ताओं के लिए है जिनके घर तक सिलेंडर पहुँचाया जाता है। यदि उपभोक्ता खुद गोदाम पहुँचकर सिलेंडर लेता है, तो बिल राशि में से यह राशि कम की जानी चाहिए। लेकिन वर्तमान में उपभोक्ताओं से 920 की पूरी राशि वसूली जा रही है। स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा मझौली की सुमन एचपी गैस एजेंसी पर आरोप लगाए गए हैं।

### स्टॉक की कमी और एजेंसियों की मनमानी

इस संबंध में जब मझौली के सुमन एचपी गैस एजेंसी मालिक बृज मोहन मरसकोले से बात की गई, तो उन्होंने स्टॉक की कमी का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि '342 सिलेंडरों का लोड आते ही मात्र तीन घंटों के भीतर खत्म हो गया। भारी भीड़ के कारण कई उपभोक्ताओं को बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौटना पड़ा।' हालांकि, एजेंसी संचालकों के पास इस बात का कोई ठोस जवाब नहीं था कि स्वयं सिलेंडर ले जाने वाले ग्राहकों को नियमानुसार छूट क्यों नहीं दी जा रही।


### सुबह से लाइन में लगकर भी झेलनी पड़ रही मार

गैस गोदामों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। उपभोक्ता धर्मेन्द्र सेन एवं अन्य लोगों ने बताया कि, 'हमें सुबह से ही लाइन में लगना पड़ता है, तब कहीं जाकर घंटों इंतजार के बाद सिलेंडर नसीब होता है। खुद सिलेंडर उठाने और लाइन में लगने के बावजूद हमसे पूरे ?920 लिए जा रहे हैं। हमें किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जा रही है, जो कि सरासर गलत है।

### प्रशासनिक दखल की मांग

उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसियां जानबूझकर नियमों की जानकारी छिपा रही हैं और उपभोक्ताओं की मजबूरी का फायदा उठा रही हैं। जागरूक नागरिकों ने अब जिला प्रशासन और खाद्य विभाग से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब हम सेवा (डिलीवरी) ले ही नहीं रहे, तो उसका पैसा क्यों दें? उधर गैस एजेंसियों द्वारा की जा रही यह वसूली उपभोक्ता अधिकारों का खुला उल्लंघन है। शासन और संबंधित अधिकारियों को चाहिए कि वे वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाएं और यह सुनिश्चित करें कि नियमों का पालन हो, ताकि आम आदमी की जेब पर पड़ रहा यह अतिरिक्त बोझ कम हो सके।





# जैन मार्केट के सामने कार की टक्कर से गिरा खंभा

टला बड़ा हादसा, शिकायतों के बाद भी नहीं जागा विद्युत विभाग, स्थानीय लोगों ने लगाए गंभीर आरोप

**मझौली, नवभारत।** मझौली नगर के जैन मार्केट क्षेत्र में विद्युत विभाग की कथित लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। लंबे समय से जर्जर हालत में खड़े बिजली के खंभे के गिरने की घटना ने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार जैन मार्केट के सामने लगे खंभे से एक वेगनार कार टकरा गई, जिसके बाद खंभा तुरंत गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि खंभा पहले से ही बेहद कमजोर और जर्जर स्थिति में था, जिससे यह हादसा होना लगभग तय था। मझौली का यह मामला सरकारी विभागों की लापरवाही और जवाबदेही की कमी को उजागर करता है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या दोषियों पर कार्रवाई होती है।

स्थानीय निवासी अमित साहू एवं अन्य मार्केट व्यापारियों ने बताया कि इस खंभे की खराब स्थिति को लेकर कई बार विद्युत विभाग को शिकायतें दी गई थीं, लेकिन विभाग ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की। यदि समय पर खंभे को बदला जाता, तो यह घटना टाली जा सकती थी। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा जनहानि नहीं हुई, अन्यथा यह हादसा गंभीर रूप ले सकता था।

### मुआवजे के नाम पर वसूल लिए 40 हजार

वहीं घटना के बाद एक और गंभीर आरोप सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, खंभा गिरने के बाद विद्युत विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा मुआवजे के नाम पर लगभग 40 हजार रुपए की वसूली किए जाने की चर्चा है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि लापरवाही और शिकायतों की अनदेखी के कारण ही यह स्थिति बनी है।

# आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान




**सुकरी, नवभारत।** आम आदमी पार्टी ग्रामीण एवं जबलपुर शहर द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह, स्वागत कार्यक्रम इंडियन कांफी हाउस घंटाघर जबलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें जिला प्रवक्ता गेंदलाल डेहरिया ग्रामीण बरगी, उजयार सिंह कुडोपा जिला अध्यक्ष अनुसूचित जन जाति प्रकोष्ट बरगी जबलपुर, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सेन, प्रमोद झारिया, रज्जू पटेल, मदन शर्मा, सतीश बर्मन, ओम प्रकाश चडार, आरेन्द्र रजक, राजा यादव सारदा बंसकार, प्रभात साहू, अनिल जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों का

प्रदेश संगठन मंत्री एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे, जिला ग्रामीण अध्यक्ष चंद्रमणी वर्मा, विनोद केथल द्वारा स्वागत वंदन एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर कार्यक्रम में मौजूद सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे और आम आदमी पार्टी की जनकल्याण नीतियों के बारे में जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वहीं

शिव दरवार भटरिया टोला सुकरी के प्रधान पुजारी एंव संरक्षक बाबा रामा धार डेहरिया द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।








# महाकाली माता मंदिर सुकरी में महाआरती के आयोजन में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सुकरी, नवभारत।** चैत्र नवरात्रि की पंचमी पर सोमवार को महाकाली माता मंदिर सुकरी मे महाआरती का आयोजन बड़ी धूम धाम से किया गया। ग्राम के माता के भक्त देवीसिंह पटेल शिक्षक ,प्रकाश पटेल ,रोहित सिंह, राहुल सिंह, राज सिंह, आकाश सिंह, अरमान पटेल, गोविंद पटेल, बृजेश पटेल सरपंच, तारा सिंह, बेनी पटेल एंव पटेल परिवार की ओर से पंचमी पर्व की महाआरती एंव महाप्रसाद समर्पित किया गया। महाआरती मे करीब 41 महिला पुरुष को मातारानी की सवारी आई। महाआरती मे ग्राम के 1500 श्रध्दालुओ ने उपस्थित होकर मातारानी का आशीर्वाद एंव महाप्रसाद प्राप्त किया।

विदित हो कि सुकरी मे महाकाली माता की प्राचीन प्रसिद्ध मूर्ति विराज मान है ।जिसकी महिमा अदभुत है। नवरात्रि मे समस्त ग्राम के भक्त उपस्थित होकर प्रतिदिन महाआरती का आयोजन करते है।

षष्टमी (छठ) पर्व की महाआरती भारत पटेल, शिवरतन पटेल, दिनेश पटेल, नीरज पटेल की ओर से माता के चरणों मे समर्पित की जाएगी।






# ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र

बेलखाडू में कांग्रेसजनों की वृहद बैठक संपन्न

**नवभारत,बेलखाडू ।** बेलखाडू से बघोंडा मार्ग पर स्थित श्री साईं गार्डन स्थल पर बेलखाडू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की प्रथम वृहद बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव सहित अतिथि जिला महामंत्री राजेश पटेल, वीरेंद्र चौबे, राधेश्याम चौबे, रूपेन्द्र पटेल, राजेश तिवारी, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष परम लाल अहवासी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, अमन गोस्वामी, प्रवीन चौबे, रिंकू तिवारी, बेलखाडू ब्लॉक अध्यक्ष अजीत परिहार, ब्लॉक प्रभारी जमील खान, युका अध्यक्ष लकी पटेल आदि मंचासीन रहे। इस मौके पर सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व मिलने पर कांग्रेस पार्टी के हित में कार्य करने की मंशा जाहिर की और साथ ही आगामी चुनावों में कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के चुनने के लिए तत्पर रहने साथ ही पंचायत स्तर की कमेटी जल्द गठित करने का आव्हान भी कार्यकर्ताओं से किया।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के 21 पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंडलम अध्यक्षों में संजय सोनी, जितेंद्र पटेल, रोहित पटेल, नीलेश साहू, धर्मेंद्र पटेल,पवन सोनी, दिनेश पटेल, हर्षित यादव, सहित अमन गोस्वामी, राकेश नामदेव,गजराज सिंह, सोनू पटेल, शरद श्रीवास,मिलन चौधरी , साहिल सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन रिंकू तिवारी आभार व्यक्त अमन गोस्वामी ने किया।


### गाड़ी हटाने की बात पर विवाद, युवक पर हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में गाडी हटाने की बात पर उपजे विवाद पर बदमाश ने युवक पर डंडे से हमला कर चोट पहुंचा दी । पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को कल्लू उर्फ मुईन मंसूरी बाबाटोला ठक्कर ग्राम ने रिपोर्ट दर्ज कराई दोपहर लगभग 1 बजे अपने साथी गुड्डु उर्फनईम के साथ चाय पीने बादशाह मिठाई दुकान के सामने हड्डी गोदाम गया था वहां दुकान के सामने कलाम के घर के पास अपनी गाड़ी किया तो कलाम उसे गाड़ी खड़ी करने से मना किया, उसने कहा की सभी की गाड़ियां खड़ी होतीं हैं इसी बात पर कलाम उसके साथ विवाद करने लगा, कलाम ने डंडा से हमलाकर कर चोट पहुंचा दी।

# ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कटंगी कमेटी की बैठक आयोजित

संगठन मजबूती की चर्चा के साथ नियुक्ति पत्र का हुआ वितरण



**नवभारत, कटंगी।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव की अध्यक्षता में कटंगी ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक चर्चा एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों के नियुक्ति पत्र को लेकर आवश्यक बैठक सामुदायिक भवन में संपन्न हुई ।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव, पंडित वीरेंद्र चौबे, पंडित राजेश तिवारी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परमलाल अहवसी, प्रभारी विजय यादव, बाबू खान, महेंद्र चक्रवर्ती, संगठन मंत्री राजेश पटेल,मनोज गोटिया, प्रवीण चौबे, कटंगी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर नेक नारायण सिंह, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष जयंत जैन, महासचिव फिरोज खान, सचिव आसिफ खान, मंडल अध्यक्ष मनीष चौरसिया, मनोज तिवारी, महेंद्र नेमा, शकील खान, पुष्पांजलि सिंह राजपूत, लेखराज सिंह, प्रेम सिंह, ठाकुर रूप सिंह, शंभू सोनी, युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष ललित सोनी, अभय जैन, ठाकुर भगवत सिंह राजपूत, रमन सेन, रिंकू सिंघई, मदन सेन, तस्लीम खान,तासु नासिर खान डॉक्टर डब्लू कुरैशी, यशपाल सिंह, प्रमोद दुबे, सुल्तान सिंह, अरुण राजपूत, अंकित सिंह बब्बू, सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

इस मौके पर सभी अतिथि नेताओं ने संगठन को मज़बूत करने की बात रखी और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाइयां दी और नियुक्ति पत्र वितरित किए।



# आंगनबाड़ी बच्चों के लिए 'विद्यारंभ' की नई पहल

जबलपुर में 13 स्थानों पर हुआ आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश में पहली बार आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़े 5 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए 'विद्यारंभ समारोह' आयोजित किया जा रहा है। 24 मार्च को होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में बच्चों को 'विद्यारंभ प्रमाण-पत्र' देकर उनके औपचारिक शिक्षा जीवन की शुरुआत को मान्यता दी जाएगी। जबलपुर जिले में यह समारोह बाल विकास परियोजना स्तर पर दोपहर 12 बजे से आयोजित होंगे। जिले के 13 अलग-अलग स्थानों जैसे उजारपुरवा, छुई खदान, सगड़ा,



सूजीपुरा, संजय नगर, पाटन, पनागर, सिहोरा, शहपुरा, बरेला, कुंडम और मझौली में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभिभावकों को भी घर-घर जाकर आमंत्रित किया जा रहा है।

### अभिभावकों की सहभागिता पर जोर

इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके माता-पिता की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़े और बच्चों का आत्मविश्वास भी मजबूत हो।महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार, यह पहल बच्चों को आंगनवाड़ी की अनौपचारिक शिक्षा से स्कूल की औपचारिक शिक्षा प्रणाली में सहज रूप से जोड़ने का प्रयास है। इससे शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी।

सम्मेलन | गढ़ा में हिन्दू नववर्ष, होली एवं रंगपंचमी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

# कवि सम्मेलन ने बांधा समां, संस्कृति से जुड़ने का दिया संदेश







**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा क्षेत्र में हिन्दू नववर्ष, होली एवं रंगपंचमी के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सामाजिक एकता, संस्कृति और परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर राष्ट्रवादी कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें बांसवाड़ा की युवा कवयित्री रोहणी पंडया ने सरस्वती वंदना के साथ शुरुआत की और अपनी ओजस्वी कविता से खूब तालियां बटोरीं। इंदौर के हास्य कवि रोहित शर्मा 'झन्नाट' ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। लखनऊ के प्रख्यात ओज कवि विनय शुक्ला ने समाज और साहित्य पर तीखा प्रहार करते हुए जोश भर दिया, वहीं युवा कवि विख्यात मिश्रा ने धर्म, स्वाभिमान और लेखनी की स्वतंत्रता पर प्रभावी कविता प्रस्तुत की। भोपाल की सबीहा असर ने शेर-ओ-शायरी से समां बांधा और जयपुर के कमल मनोहर ने हास्य व्यंग्य से कार्यक्रम में रंग भर दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि बरगी विधायक नीरज सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर जगत बहादुर अन्नू ने की। संयोजक कृष्ण कुमार तिवारी ने उत्सव की प्रासंगिकता बताई, जबकि महामंत्री सुशील उपाध्याय, कोषाध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज और मंत्री एड. अरुण शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन प्रकाश गर्ग और नरेन्द्र तिवारी ने दिया।

### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर गढ़ा रंग बरसे बारात महोत्सव को जनप्रिय बनाने में योगदान देने वाले राहुल शुक्ला, भोजन व्यवस्था के लिए संजय गौतम, प्रचार-प्रसार के लिए डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए कमलेश यादव, कोष व्यवस्था के लिए एड. दिनेश गुप्ता तथा सक्रिय कार्यकर्ता एड. नंदकुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में आचार्य भगवत दुबे, नीरज बाजपेयी, राजेन्द्र चौबे, सुधीर नायक, ओम शर्मा, हर्ष तिवारी, हर्ष पटेल, शरद अग्रवाल, शिवम द्विवेदी, श्रीकांत गौतम, अजय तिवारी, पार्षद प्रिया संजय तिवारी, सुनील दुबे, दिलीप पटेल, मुकेश सोनी, दशरथ पटेल, नरेश नामदेव, सीटू बाबा, मिश्रा मासाब, दिनेश तिवारी, राकेश असाटी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सांस्कृतिक एकता, राष्ट्रभावना और उत्सवधर्मिता का सशक्त संदेश दिया।